**SY-505**

**Reg. No. : .....................................**

**Name : ..........................................**

**SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, MARCH 2024**

Part – II

Time : 2½ Hours

**HINDI**

Cool-off time : 15 Minutes

Maximum : 80 Scores

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए **15** मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें :** **(5 × 1 = 5)**

1. 'दवा' किस विधा की रचना है ?

    (संस्मरण, नाटक, व्यंग्य)

2. 'कुमार' किस रचना का पात्र है ?

    (वह भटका हुआ पीर, मुरक़ी उर्फ़ बुलाकी, सूरीनाम में पहला दिन)

3. ‘ज़मीन एक स्लेट का नाम है’ किसकी रचना है ?

(एकांत श्रीवास्तव, मैथिलीशरण गुप्त, हिमांशु जोशी)

4. लेखिका को स्कूटरवाला कैसा लगा ?

(डॉक्टर जैसा, पीर जैसा, अध्यापक जैसा)

5. ‘आदमी का चेहरा’ का कवि कुली को पहले कैसे पहचानता था ?

(नंबर से, चेहरे से, आवाज़ से)

**सूचना :** कवितांश पढ़ें और **6** से **8** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

मसहरी – सुरक्षा में
ज़मीन पर धूप के
फ़ैलने तक नींद में
पड़ी मैं, मगर नींद के
खुलने के पूर्व ही नोटीस
बैंक की आ धमकी सपने में ।

6. सपना देखनेवाली स्त्री किसकी सुरक्षा में सो रही थी ? **(1)**

(दीवार की, छत की, मसहरी की)

7. सपना देखनेवाली स्त्री कब तक सोती रही ? **(2)**

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । **(6)**

**सूचना : 9 से 11** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखें : **(2 × 2 = 4)**

9. 'नदियाँ प्रेम प्रवाह फूल तारे मंडन हैं ।

बंदीजन खग-वृंद, शेषफन सिंहासन है ।।'

यहाँ कौन प्रेम प्रवाह हैं ? मातृभूमि का सिंहासन क्या है ?

10. 'मुझे याद आया, जब तुम्हारी शादी हुई थी ....'

नीचे दिए शब्दों के समानार्थी शब्द वाक्य से चुनकर लिखें ।

- विवाह –
- स्मरण –

11. 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' पाठ में दो विदाइयों का चित्रण हैं । यहाँ दोनों विदाइयाँ कौन-कौन सी हैं ?

**सूचना : 12 से 15** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखें । **(3 × 4 = 12)**

12. हाइकू पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

जिन्हें न होता

दर्द का अहसास

आँसू ओस हैं ।

13. ये कथन पढ़ें और राजवंती के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- मैं प्यार से उसको मुरकी बुलाती थी कभी बुलाकी ।
- किसी दयालु व्यक्ति से राह का भाड़ा लेकर लौट आई, नहीं तो न जाने कहाँ भटकती ।

14. ये दोस्ती ....

हम नहीं तोड़ेंगे

तोड़ेंगे दम मगर

तेरा साथ ना छोड़ेंगे

ज़िंदगी में दोस्ती का महत्त्वपूर्ण स्थान है । दोस्ती की विशेषता पर टिप्पणी लिखें ।

15. जीवन–वृत्त पढ़ें और कुँवर नारायण के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

| **जीवन–वृत्त** | | |
|---|---|---|
| नाम | : | कुँवर नारायण |
| जन्म एवं जन्मस्थान | : | 1927 को उत्तर प्रदेश के फैज़ाबाद में |
| प्रमुख रचनाएँ | : | चक्रव्यूह, अपने सामने, कोई दूसरा नहीं, इन दिनों |
| पुरस्कार | : | 2005 में ज्ञानपीठ |

**सूचना :** गद्यांश पढ़ें और प्रश्न **16** और **17** के उत्तर लिखें ।

कई वर्षों पहले हमने नियति को मिलने का एक वचन दिया था, और अब समय आ गया है कि हम अपने वचन को निभाएँ, पूरी तरह न सही, लेकिन बहुत हद तक आज रात बारह बजे जब सारी दुनिया सो रही होगी, भारत जीवन और स्वतंत्रता की नई सुबह के साथ उठेगा । एक ऐसा क्षण जो इतिहास में बहुत ही कम आता है, जब हम पुराने को छोड़ नए की तरफ जाते हैं, जब एक युग का अंत होता है, और जब वर्षों से शोषित एक देश की आत्मा, अपनी बात कह सकती है, यह एक संयोग है कि इस पवित्र मौके पर हम समर्पण के साथ खुद को भारत और उसकी जनता की सेवा, और उससे भी बढ़कर सारी मानवता की सेवा करने के लिए प्रतिज्ञा ले रहे हैं ।

16. हम किसकी प्रतिज्ञा ले रहे हैं ? **(2)**

17. गद्यांश का संक्षेपण करें । **(6)**

**सूचना : 18** से **21** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखें । **(3 × 6 = 18)**

18. पद पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

सुतमुख देखि जसोदा फूली ।
हरषित देखि दूध की दँतियाँ प्रेम मगन तनु की सुधि भूली ।।
बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ धौं सुंदर सुखदाई ।
तनक-तनक सी दूध की दँतियाँ देखौ नैन सुफल करो आई ।।
आनंद सहित महर तब आए मुख चितवन दोउ नैन अघाई ।
'सूर' स्याम किलकत द्विज देख्यो मनो कमल पर बीजु जमाई ।।

19. अक्तूबर 2 गाँधी जयंती है । मान लें..., इस अवसर पर आपके स्कूल में गाँधीजी के जीवन के आधार पर एक फोटो प्रदर्शिनी (Photo Exhibition) होने वाली है । उसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

20. अंग्रेज़ी खंड पढ़ें और हिंदी में अनुवाद करें :

K.S. Chithra was born on 27th July, 1963 in Thiruvananthapuram. She is a famous Indian Playback Singer. Her father is Krishnan Nair and mother is Santhakumari. She was awarded Padma Shri in 2005 and Padma Bhushan in 2021.

(Famous – मशहूर, award – पुरस्कार, Playback Singer – पार्श्वगायिका)

21. 'वह भटका हुआ पीर' की लेखिका स्कूटरवाले के बारे में अपने मित्र से बातें करती हैं । वह बातचीत लिखें ।

- यात्रियों को पानी पिलाना
- दिल का रिश्ता जोड़ना
- परिवार की देखभाल करना

**सूचना : 22 से 25 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें :** **(3 × 8 = 24)**

22. अपनी माँ से मुरकी की कहानी सुननेवाला कुमार का मन भर आया । वह अपना दर्द डायरी में लिखता है । वह डायरी लिखें ।

- पति द्‌वारा उपेक्षित मुरकी
- अपने घर में आश्रय देना
- जीवन भर कोठरी की चाबी न छीनने का वादा देना

23. सही मिलान करें :

| | | |
|---|---|---|
| Certificate | – | प्रतिमान |
| Discount | – | विषाणु |
| Pattern | – | प्रमाण-पत्र |
| Ratio | – | औसत |
| Virus | – | उपकर |
| Cess | – | अनुपात |
| Average | – | ऊर्जा |
| Energy | – | बट्टा |

24. सातवें विश्व हिंदी सम्मेलन का अनुभव लेखक मित्र से पत्र में बाँटता है । वह पत्र लिखें ।

- सूरीनाम का सौंदर्य
- सम्मेलन का अनुभव
- हिंदी भाषा का महत्त्व

25. बाज़ार में एक नयी चाय–पत्ती (Tea) आयी है । उसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- बेहद स्वादिष्ट
- ताज़ा
- कम दाम